मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-412**
**30/08/2025**

# मुख्यमंत्री ने पटना सिटी के गुरू गोविंद सिंह सदर अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन मॉडल अस्पताल का किया निरीक्षण, निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का दिया निर्देश

पटना, 30 अगस्त 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना सिटी के गुरू गोविंद सिंह सदर अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन मॉडल अस्पताल भवन का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन मॉडल अस्पताल के निर्माण कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह 100 बेड का पांच मंजिला मॉडल अस्पताल होगा, जिसमें मरीजों के इलाज की आधुनिक सुविधायें होंगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि इस मॉडल अस्पताल के भवन का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर इसे फंक्शनल करें। इस मॉडल अस्पताल भवन के छत पर सोलर प्लेट भी लगवायें। उन्होंने कहा कि मॉडल अस्पताल का निर्माण कार्य पूर्ण होने से इस क्षेत्र के लोगों को इलाज में काफी सहूलियत होगी। इस मॉडल अस्पताल में अत्याधुनिक सुविधाओं के होने से बीमारियों का उपचार बेहतर ढ़ंग से हो सकेगा।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, पटना प्रमण्डल के आयुक्त डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0 एवं पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

*****